>

Title: Need to construct a canal and an approach road together with widening and modernization work of NH-57 in Supaul Parliamentary Constituency of Bihar.

**श्री विश्व मोहन कुमार (सुपौल):** महोदय, आपने मुझे ज्वलंत समस्या पर बोलने का मौका दिया है। मेरे संसदीय क्षेत्र सुपौल में जहां से चार लेन गुजरती है, जो एनएच 57 है, उसका नवीनीकरण किया जा रहा है। यह बहुत स्वागत योग्य है, किंतु सिमराही बाजार जो बड़ा व्यावसायिक केंद्र है और चारों तरफ से वहां सड़कें आती हैं, वहां निर्माण हो रहा है, वहां अप्रोच रोड तथा निकासी का सिस्टम नहीं दिया गया है, जिसके कारण बहुत परेशानी होती है। वर्षा में बाजार में पानी भरा रहता है। सड़क के चौड़ी करने हेतु जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया 2005 में शुरु की गई थी लेकिन वर्ष 2012 में अभी तक जिससे जमीन ली गई थी उसे पैसा नहीं दिया गया है। जमीन का दाम बहुत ज्यादा बढ़ गया है इसलिए 2005 के दाम पर मुआवजा नहीं दिया जाना चाहिए। फिलहाल जो जमीन अधिगृहित की गई है, अब के हिसाब से मुआवजा दिया जाना चाहिए। मैं आपके माध्यम से परिवहन मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि नागरिक सुरक्षा को देखते हुए सिमराही बाजार एवं अन्य जगह पर एप्रोचेबल रोड एवं नाली का निर्माण कराया जाए। साथ ही साथ अब के दाम से अधिगृहित भूमि का मुआवजा दिया जाए, एनएचआई को दिशानिर्देश दिया जाए कि इस पर बेहतर कार्रवाई की जाए। एनएच-57 के साइड में नाली निर्माण किया जाए क्योंकि यहां बराबर कोई न कोई एक्सीडेंट होता रहता है। मेरा आग्रह है कि इस पर कार्रवाई बरसात से पहले की जाए।